कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग,नैनीताल।

E-mail:dfonainital@gmail.com Telefax.05942-236790

पत्रांक:– 5418 /13-01 दिनांक 29/8 /2022

सेवा में,

वन संरक्षक,
दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, नैनीताल।

विषय :– जनपद नैनीताल के अन्तर्गत विकासखण्ड भीमताल की देवीधूरा–कून पम्पिंग पेयजल योजना के निर्माण हेतु 0.3627 है0 वन भूमि का उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल, नैनीताल को 30 वर्षों की लीज पर दिये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फोरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड देहरादून की पत्र संख्या 2575/FP/UK/WATER/144750/2021 दिनांक 26.04.2022।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में संदर्भित पत्र द्वारा आपत्तियां लगायी गयी थी, जिनका निराकरण कर आख्या निम्न प्रकार प्रेषित की जा रही है –

क्र0सं0	आपत्तियां	निराकरण / आख्या
1	प्रस्ताव में पृष्ठ संख्या के अनुसार सूची तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न करें।	विषय सूची तैयार कर प्रस्ताव में संलग्न कर दी गयी है।
2	प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–2 में हरियाली का घनत्व अंकित कर प्रपत्र को यथा स्थान प्रस्ताव में संलग्न करें।	हरियाली का घनत्व अंकित कर दिया गया है।
3	प्रारूप 11 में प्रपत्र//प्रमाण पत्र में खसरा संख्या रिक्त है, खसरा संख्या भरी जाए।	प्रपत्र 11 में संशोधन कर प्रपत्र पुनः प्रस्ताव में सलंग्न कर दिया गया है।
4	लैण्ड शेड्यूल में भूमि का प्रकार निजी/सिविल का उल्लेख किया गया है, जिसमें दर्शायी गई 0.571 भूमि निजी भूमि है अथवा सिविल है, का स्पष्ट उल्लेख किया जाए।	लैण्ड शेड्यूल में भूमि का प्रकार स्पष्ट कर दिया गया है।
5	परियोजना के बार चार्ट में सिविल सोयम भूमि का उल्लेख किया गया है, जबकि अन्य प्रपत्रों में नहीं किया गया है, स्थिति स्पष्ट करें।	बार चार्ट में संशोधन कर दिया गया है।
6	परियोजना में कितनी इंच मोटी पाईप लाईन बिछायी जानी प्रस्तावित है, के सम्बन्ध में प्रमाण पत्र संलग्न करें।	प्रमाण पत्र पृष्ठ संख्या 82 में सलग्न कर दिया गया है।
7	ग्राम पचायत देवीधूरा के वनाधिकार के	प्रारूप 30.3 में तिथि अंकित कर दी गयी है।

	सम्बन्धित प्रपत्र/प्रारूप 30.3 में तिथि अंकित नहीं की गयी है।	
8	परियोजना का मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न करें।	मदवार विवरण प्रस्ताव में संलग्न कर दिया गया है।
9	प्रस्ताव में कतिपय प्रमाण-पत्र पिन द्वारा संलग्न किये गये हैं, प्रपत्रों को पूर्ण रूप से प्रस्ताव में पेस्ट/संलग्न किया जाये।	प्रस्तावों में उपयुक्त बाईंडिंग कर दी गयी है।

भवदीय,

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल

पत्रांक 5418 / उक्तदिनांकित।

1. प्रतिलिपि –अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्द्रा नगर फॉरेस्ट कॉलोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. प्रतिलिपि – अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, भीमताल नैनीताल को उनके पत्रांक 1769/121/37 दिनांक 21.5.2022 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रभागीय वनाधिकारी,
नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल